दिनांकः 2 नवम्बर 2017

प्रेस विज्ञप्ति

हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी को मिला प्रतिष्ठित औद्योगिक ''एसोचैम'' संस्था द्वारा ''बेस्ट लीडरशिप प्रोजैक्ट इन हायर एजूकेशन ऑफ नॉर्थ इण्डिया अवार्ड 2017

रांची के प्रतिष्ठित पॉच सितारा होटल चाणक्य में एक भव्य समारोह में भारत की प्रतिष्ठित औद्योगिक चैम्बर एसोचैम द्वारा आयोजित नेशनल समिट ''लीडरशिप एवं लीडरशिप अवार्ड 2017'' राष्ट्रीय अधिवेशन में उच्च तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में शारदा शिक्षा समूह के अग्रणी कॉलेज हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एवं टैक्नोलॉजी को उनके बेहतरीन प्रयासों द्वारा उत्तर भारत में उच्च तकनीकी एवं प्रबन्धकीय शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावशाली प्रयासों एवं छात्रों के भीतर संर्वागीण विकास द्वारा एक बेहतरीन प्रोफेशनलस् तैयार किये जाने के प्रयासों को ध्यान में रखते हुए एवं छात्रों में कौशल विकास द्वारा उनमें एक व्यावसायिक समझ एवं दृष्टिकोण देने के उल्लेखनीय योगदान प्रदान करने के लिए उन्हें **''बेस्ट लीडरशिप प्रोजेक्ट इन हायर एडूकेशन अवार्ड'' 2017''** राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें यह पुरुस्कार से नवाज़ा गया। इस श्रेणी में 500 से भी अधिक तकनीकी महाविद्यालयों ने नामांकन किया था। हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एवं टैक्नोलॉजी उत्तर भारत का एकमात्र ऐसा तकनीकी संस्थान है जो छात्रों को इंजीनियरिंग की कई विधाओं में पारंगत करने के साथ–साथ उन्हें वो सारी सुविधायें प्रदान करता है जिससे वे अपने भविष्य में उत्कृष्ठ प्रदर्शन प्रदर्शित करते रहें।

कॉलेज के **अधिषासी निदेशक प्रो0 वी0के0 शर्मा एवं इस्टीट्यूट इंडस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष श्री मुदालियार जितेन्द्र** ने कॉलेज की ओर से यह पुरस्कार झारखण्ड सरकार के **माननीय राज्यपाल श्रीमती द्रोपदी मुरमू** के हाथों से ग्रहण किया। समारोह में **मुख्य अतिथि के तौर पर माननीय राज्यपाल झारखण्ड सरकार श्रीमती**

द्रौपदी मुरमू एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर झारखण्ड प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य, उपभोक्ता एवं खाद विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री सरजू राय भी उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में भारत के 1000 से अधिक शैक्षणिक एवं औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने शिरकत की थी।

संस्था के वाईस चेयरमैन श्री वाई0के0 गुप्ता, अधिशासी उपाध्यक्ष श्री प्रदीप माहथा, ने इस अवार्ड की उपलब्धि के लिए सभी कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारियों के उल्लेखनीय, कर्मठ प्रयासों के लिए बधाई दी तथा उम्मीद की भविष्य में भी हम अपने यहॉ पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को सही दिशा में मार्गदर्शित करते रहेंगे जिससे उनका उज्जवल भविष्य तथा उच्च क्षेत्रों में अपने करियर को बनाकर देश का नाम एवं इस संस्था का नाम आगे ले जायें।

हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एवं टैक्नोलॉजी व शारदा ग्रुप के अन्य सभी संस्थाओं में इसलिए इंजीनियरों और प्रबंधकों को कौशल विकास द्वारा इंडस्ट्री रेडी करने के लिए विशेष प्रयास किये जाते हैं जिससे छात्र कॉलेज से ही प्लेसमेंट अच्छे पैकेज में लेकर निकलते हैं और ऐसे उल्लेखनीय योगदान के लिए हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एवं टैक्नोलॉजी को यह विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरुस्कार से कैंपस में सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उत्साहित एवं प्रोत्साहित हैं और उन्हें हर्ष एवं गौरान्वित की अनुभूति हो रही है।